# शहरी आवासविहिनों के लिए राँची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत

## आनि एवं भुसूर किफ़ायती आवास

# परियोजना

## का लाभ

## 500 करोड़ रूपये है परियोजना का लागत

### धुर्वा के आनि और भुसुर में 458 करोड़ की लागत से गरीबों के लिए बनेगा घर

**रांची.** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत धुर्वा के अन्नी और भुसुर इलाके में गरीबों के लिए घर बनाये जायेंगे. योजना पर 458 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. भुसुर में 11 जी प्लस सिक्स भवनों का निर्माण प्रस्तावित है. इसमें 1,132 आवासीय इकाइयां होंगी. वहीं, आनि में जी प्लस आठ भवनों का निर्माण किया जायेगा. इसके अलावा आनि में ही जी प्लस एक के आठ ब्लॉक बनाये जायेंगे. कुल 256 आवासीय इकाइयां रिहायश के लिए तैयार की जायेगी. जी प्लस एक के ब्लॉक निर्माण पर 32 .05 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. जुडको ने निर्माण कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया है. जुडको ने धुर्वा में पूरी कॉलोनी तैयार

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एचईसी व भुसूर क्षेत्र में 4656 लोगों को मिलेगा वन बीएचके फ्लैट

### जुडको ने निकाला टेंडर, 500 करोड़ रुपये में तैयार होंगे सभी फ्लैट, टेंडर भरने की अंतिम तिथि 29 मार्च,बेबसाइट पर आज अपलोड होंगे डिटेल्स

**विस श्रीवास्तव** • रांची

राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एचईसी और भुसूर इलाके में 4656 फ्लैट तैयार होंगे। सभी फ्लैट वन बीएचके के होंगे। दोनों इलाकों में 500 करोड़ की लागत से फ्लैट तैयार कर जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। जुडको की ओर से इसका टेंडर निकाला गया है। जुडको का कहना है कि वेबसाइट पर दो मार्च को टेंडर अपलोड कर दिया जाएगा। 29 मार्च को टेंडर भरने की अंतिम तिथि होगी। नगर निगम का है कि एचईसी इलाके में जमीन अतिक्रमण कर रहने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर रहेगा विशेष ध्यान**

जुडको के अनुसार इन दो इलाकों मे जितने भी फ्लैट तैयार होंगे इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष ध्यान रहेगा। टेंडर में स्पष्ट कहा गया है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनेगा। इसके बाद भी प्रोजेक्ट को हैंडओवर लिया जाएगा।

**2016-2017 में किया था सर्वे**

नगर निगम के अनुसार एचईसी इलाके में वर्ष 2016 ,2017 में सर्वे किया गया था। उसी सर्वे के अुनसार जरूरतमंद लोगों को फ्लैट दिया जाएगा। एक फ्लैट का निर्माण करने में साढे छह लाख रुपये की लागत लगेगी। लगभग ढाई लाख रुपये की लोगों को सब्सिडी दी जाएगी। फ्लैट को खास तकनीक की सहायता से बनाया जाएगा। फ्लैट निर्माण करने में समय और लागत दोनों की बचत की जाएगी। इसके साथ ही काफी मजबूत बनाया जाएगा।

**एचईसी में 3424 और भुसूर में 1232 फ्लैट का होगा निर्माण**

जुडको के अुनसार एचईसी इलाके में एचईसी इलाके में 3424 फ्लैट और भुसूर इलाके मे 1232 फ्लैट का निर्माण होगा। एचईसी में जी प्लस वन ब्लाक तैयार किया जाएगा। इसके अलावा एचईसी में 22 जी प्लस 8 ब्लाक में 3168 आवासीय इकाई और भूसूर में 11 ब्लाक में जी प्लस 6 ब्लाक मे 1232 आवासीय इकाई आवासीय इकाई तैयार होगा। जुडको का कहना है कि फ्लैट निर्माण में विस्तृत संरचनात्मक डिजाइन,जल आपूर्ति और स्वच्छता सर्वर नेटवर्क ,मजबूत जल आरेखण ,आंतरिक सड़क की स्ट्रीट लाइट निर्माण और पार्किंग क्षेत्र की रूपरेखा पूरी तरह से तैयार होनी चाहिए।



**लाइट हाउस के लिए आवेदन करने की तिथि खत्म**

धुर्वा इलाके में बन रहे लाइट हाउस के लिए आवेदन और दस्तावेज जमा करने की तिथि खत्म हो गई है। 28 फरवरी को दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि थी। अब नगर निगम की ओर से लाटरी के माध्यम से विस्थापितों को आवास आवंटित किया जाएगा। निगम जल्द ही लाटरी की तिथि की घोषणा करेगा। लाइट हाउस में 1008 लोगों को फ्लैट देना है। इसमें 1503 आवेदन जमा हुए है निगम ने कई बार आवेदन जमा करने की तिथि बढ़ाई गई थी।



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4656 लोगों को घर दिया जाएगा। सर्वे के आधार पर विस्थापितों को बसाया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दस प्रोजेक्ट अभी और तैयार होने हैं। धुर्वा में बन रहा लाइट हाउस भी लगभग तैयार हो चुका है। जल्द ही लाटरी से लोगों को आवास आवंटित करा दिया जाएगा।

**संजीव विजयवर्गीय**, उप महापौर, रांची

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA